(iii) Vishakapatnam-Parvatipuram Diesel Push-Pull train has been extended upto Rayagada w.e.f. 9.5.1996.

(iv) Raipur-Kantabanji DMU local will be extended upto Titlagarh and 223/224 Bhadrakh-Cuttack & 1CP/ 2CP Cuttack-Paradeep passengers will be replaced by Diesel Push-Pull during 1996-97.

राजकोट रेलवे स्टेशन को सुन्दर बनाया जाना

2666. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सौराष्ट्र में राजकोट रेलवे स्टेशन और इसके आस-पास के क्षेत्रों को सुन्दर बनाये जाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कौन-कौन सी परियोजनायें बनाई गई हैं और इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) सौन्दर्यकरण संबंधी कार्य कब से आरम्भ किया

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) से (ग) रेलवे अपनी स्टेशन इमारतों की नियमित मरम्मत और आवधिक तौर पर रोगन-पुताई और चित्रकारी करके सही हालत में बनाए रखती है। स्टेशन पर सम्हाले जा रहे यातायात की मात्रायें में वृद्धि होने पर जब कभी इस प्रकार की मांग की जाती है तो यात्री सुविधाओं में सुधार/विस्तार भी किया जाता है बशर्ते कि इसके लिए धन उपलब्ध हो।

राजकोट स्टेशन पर सम्भाले जा रहे यातायात की मात्रा के अनुरूप सुविधाओं की व्यवस्था पहले ही कर दी गई है। इसके अतिरिक्त इस स्टेशन के मुख्य प्लेटफार्म को ऊंचा उठाया गया है तथा हाल ही में पुराने प्लेटफार्म का सायवान बदला गया है। इसके अलावा, प्लेटफार्म पर 28 लाख रुपये की लागत पर कोटा-पत्थर के ताना लगाने का कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और इनके जून 1997 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

Additional Passenger Facilities in Railways

2667. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to provide additional facilities/concessions to the passengers during the current year; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) and (b) The existing rail travel concession of 50% of normal fares granted to Licensed Porters has been enhanced to 75% with effect from 1.8.1996.

53 locations have been identified for provision of computerised reservation facilities in the country during the current year.

Provision/augmentation of other a continuous process and works are taken up on a regular basis at various stations throughout Indian Railways.

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा उर्वरकों का उत्पादन

2668. **डा० बाई० लक्ष्मी प्रसाद:** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के कतिपय उर्वरक उपक्रमों द्वारा किए गए उत्पादन का स्तर उनकी संस्थापित क्षमता से कम हो रहा है;

(ख) क्या गैर सरकारी क्षेत्र के उर्वरक उपक्रम भी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के मामले में असमर्थ रहे हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा प्रतिवर्ष उर्वरकों का आयात किया जा रहा है, और यदि हां, तो पिछले वर्ष उर्वरकों का कितनी मात्रा में आयात किया गया था;

(घ) क्या उर्वरकों का आयात और उर्वरक उद्योग द्वारा उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल न किया जाना एक विरोधाभास की स्थिति है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और